卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवहि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 246 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦13 जून 2023 ♦मूल्य दो रूपया


darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## मां की हत्या के बाद शव को सूटकेस में लेकर थाने पहुंची बेटी



बेंगलुरु(उद ब्यूरो)। बेंगलुरु शहर से एक दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक बेटी ने अपनी मां की हत्या कर उसे ट्रॉली बैग में भरकर खुद पुलिस थाने पहुंच गई। पुलिस ने आरोपी बेटी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बेंगलुरु के एक अपार्टमेंट में रहने वाली 39 वर्षीय सेनाली सेन ने अपनी मां की हत्या कर दी। इतना ही नहीं, आरोपी शव को एक ट्रॉली बैग में भर कर पुलिस स्टेशन ले गई और अपना जुर्म कबूल किया। मृतक की पहचान 70 वर्षीय बिवा पाल के रूप में हुई है। पुलिस को पूछताछ के दौरान पता लगा कि आरोपी महिला अपनी मां, पति और सास के साथ अपार्टमेंट में रहती थी। आए दिन उसकी सास और मां में झगड़ा होता था, तो मृतक धमकी देती थी कि वो नींद की गोली खा लेगी और आत्महत्या कर लेगी। मायको लेआउट पुलिस का कहना है, शव को कल थाने लाया गया और बेटी सेनाली सेन के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।


## पिकप पलटने से तीन की मौत,तीन घायल




बागेश्वर (उद संवाददाता)। बागेश्वर–गिरेछीना मोटर मार्ग पर सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि तीन घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह करीब पौने चार बजे पिकअप गिरेछीना मोटर मार्ग से होते हुए बागेश्वर को आ रही थी। फल्याटी बैंड के पास पिकअप ऊपर की रोड से नीचे रोड पर गिर गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस और फायर सर्विस की टीम मौके पर गई और बचाव का काम शुरू किया। हादसे में 45 वर्षीय ईरसाद अहमद निवासी स्वार रामपुर, 40 वर्षीय असलम अली पुत्र बरकत अली निवासी केलाखेड़ा, एवं 25 वर्षीय साजिद पुत्र नन्नू निवासी नरपत नगर स्वार की मौत हो गयी। जबकि 23 वर्षीय चालक सुलेमान पुत्र अमीन साह निवासी मसवासी स्वार, 20 वर्षीय आकाश पुत्र रमेश कश्यप निवासी हरजीतपुर रामपुर एवं 21 वर्षीय जहरान खान पुत्र रियासत खान निवासी स्वार रामपुर घायल हो गये। घायलों को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है।





## बर्थ डे मनाकर लौट रहे युवकों की कार खाई में गिरी, एक की मौत,तीन घायल



श्रीनगर (उद संवाददाता)। खिर्सू से श्रीनगर लौट रहे युवाओं की कार भैंसकोट के समीप खाई में गिर गयी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 3 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें 108 एम्बुलेंस की मदद से बेस अस्पताल श्रीकोट पहुंचाया गया। जहां घायलों का इलाज किया जा रहा रहा है। जानकारी के अनुसार सोमवार देर रात कोतवाली पुलिस को श्रीनगर–खिर्सू मोटर मार्ग पर भैंसकोट गांव के पास एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिली। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक रवि सैनी और एसडीआरएफ की टीम घटनास्थल पहुंची। मौके पर एक कार पानी की टंकी के निकट सड़क से करीब 40 मीटर नीचे गहरी खाई में मिली। जिसमें 4 लोग सवार थे।कार ड्राइवर 36 वर्षीय कौशल चमोली पुत्र मोहन चमोली, निवासी ग्राम बलोडी श्रीनगर की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि कौशल का बर्थडे था। कौशल व उसके 3 दोस्त खिर्सू से बर्थडे मनाकर लौट रहे थे। हादसे में कौशल की मौके पर मौत हो गई। जबकि एक्सीडेंट (शेष पृष्ठ 7 पर)

## भारत को परम वैभव तक पहुंचाने के लिए मजबूती से आगे बढ़ना होगा: मोहन भागवत



रूद्रपुर। तीन दिवसीय प्रवास पर रूद्रपुर पहुंचे सर संघ चालक मोहन भागवत ने दिनेशपुर रोड स्थित द्रोण कालेज में आयोजित संघ शिक्षा वर्ग में प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुए हिंदू समाज को संगठित करने पर जोर दिया। अपने सम्बोधन में सरसंघ चालक मोहन भागवत ने कहा कि हमें हिंदू समाज को संगठित कर भारत को परम वैभव तक पहुंचाना है। यहा बड़ा संकल्प है और कठिन भी। इसके लिए मजबूती से आगे बढ़ना होगा। उन्होंने हा कि हिंदू धर्म व समाज जैसा भी हो यह हमारा अपना है। यह पवित्र है यहां सब कुछ ब्रम्ह है। इसलिए सब अपने हैं जन के मन में जो बसता है उसी की की सेवा करनी है। किसी के प्रति मन में दुर्भावना नहीं होनी चाहिए। सारी उपासना मन को पवित्र बनाती है। हमें पूरा जीवन देश व समाज की सेवा में समर्पित करना है। मोहन भागवत ने कहा कि जिसमें सत्य नहीं धर्म नहीं, करूणा नहीं है हमें ऐसे लोगों से दूर रहना चाहिए। सत्य सुचिता व तपस्या पीढ़ी दर पीढ़ी आदत बनकर करने की प्रकिया हैं यह स्वभाव पीढ़ी दर पीढ़ी हो तो संस्कृति होती है। संस्कृति आचरण में दिखती है। मोहन भागवत ने कहा कि हमें संघ कार्य बढ़ाना है। इसके लिए स्वयंसेवकों की (शेष पृष्ठ सात पर)

## संदिग्ध हालातों में जहर खाने से युवक की मौत

लालकुंआ। हल्दूचौड़ में अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक हल्दूचौड़ निवासी 22 वर्षीय ललित मोहन जोशी पुत्र रमेश चंद्र जोशी ने बीती रात अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई परिजन उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल ले गए जहां उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जानकारी जुटाई। पुलिस को परिजनों ने बताया कि मृतक बीती रात खाना खाकर कमरे में चला गया, कुछ देर के बाद उसकी हालत बिगड़ गई। पुलिस ने पंचनामा भर पोस्टमार्टम करा कर मृतक के शव को उसके परिजनों को सौंप दिया है।

## दोहरे हत्याकाण्ड में मिलने अहम सुराग,आज हो सकता है खुलासा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बीते दिनों केलाखेड़ा के रम्पुरा काजी गांव में बौर नदी के किनारे मिले तीन मानव अंगों के मामले में जांच के दौरान पुलिस टीम को कई अहम सुराग मिले हैं। जिसके आधार पर पुलिस शीघ्र ही मामले का खुलासा कर सकती है। चर्चा है कि दोहरे हत्याकाण्ड को अंजाम देने वाला एक आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लिया हुआ है। जिसने घटना से सम्बधित कई अहम राज खोले हैं। चर्चा के अनुसार मृतका महिला के दूसरे समुदाय के व्यक्ति के साथ नजदीकियां होन से उसने अपनी जमीन उसके नाम कर दी थी। पुलिस हिरासत में लिए गये व्यक्ति से पूछताछ के साथ ही घटना से जुड़े सबूत भी एकत्रित कर रही है। साथ ही घटनास्थल के आस पास तलाशी अभियान तेज कर दिया है। गौरतलब है कि 6 जून को ग्राम निवासी जोगिन्दरी कौर संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता (शेष पृष्ठ सात पर)

## गैस सिलेंडर में आग से मचा हड़कम्प



लालकुआं(उद संवाददाता)। प्राथमिक विंद्यालय के प्रांगण में खाना बना रहे पर्यटकों के गैस सिलेंडर में आग लगने से हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने आग को काबू किया। जानकारी के अनुसार कुमाऊं की वादियों में घूमने निकले उत्तर प्रदेश के पर्यटकों ने मंगलवार की प्रात: लगभग 9 बजे मोटाहल्दू प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में गैस सिलेंडर से भोजन बनाना शुरू किया। इस दौरान अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई देखते ही देखते आग बेकाबू हो गई। इस दौरान (शेष पृष्ठ सात पर)

# सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं: अजय भट्ट

गदरपुर( उद संवाददाता)। ग्राम बेवक्ता सकैनिया स्थित बाबा भूमण शाह डेरे पर महा जनसंपर्क अभियान को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने अपने सम्बोधन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की केन्द्र व प्रदेश की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन



तक पहुंचायें। बाबा भूमन शाह के डेरे पर कार्यकर्ताओं की आयोजित बैठक का शुभारंभ केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 9 साल की उपलब्ध्यिों को घर-घर तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा आज भारत विश्व गुरु बनने को तैयार है। उन्होंने कहा विश्व में किसी ने नहीं सोचा था कि कश्मीर से धारा 370 खत्म होगी उस वक्त जम्मू कश्मीर के नेता कहते थे कि धारा 370 हटने के बाद कश्मीर में खून की नदियां बह जाएंगी लेकिन धारा 370 हटने के बाद वहां कुछ भी नहीं हुआ और आज लोग अमन चैन से रह रहे हैं। उन्होंने कहा पहले कुछ पैसा उस नेताओं की जेब में जाता था अब आम लोगों की जेबों में सीधे जाता है। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वजह से हुआ। भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा लोकसभा चुनाव में कुछ ही समय बाकी है। कार्यकर्ता घर ना बैठ कर केंद्र और राज्य सरकार की जन नीतियों को लोगों तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रदेश की पांचों लोकसभा सीटों पर विजयी रहेगी। इस दौरान महा जनसंपर्क अभियान के विकास तीर्थ यात्रा कार्यक्रम के तहत क्षेत्र में बन रही जल निगम की टंकी का केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने निरीक्षण किया गया और अधिकारियों को शीघ्र से शीघ्र कार्य पूरा करने के दिशा निर्देश दिये। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष सुरेश खुराना,मंडी समिति अध्यक्ष सुभाष गुम्बर,ग्राम प्रधान निर्मला रानी,अभिषेक वर्मा, अनिल जेठली,ग्राम प्रधान संघ के जिला उपाध्यक्ष संजय चौधरी, जलेश्वर नाथ त्रिपाठी,भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष ज्योति अनिल राज,साहब सिंह, भजन सिंह,मंगल सिंह,सुरजीत सिंह, ज्ञान कौर,भजन सिंह, शिवम् त्रिपाठी, संदीप कंबोज, मंगल सिंह, सुरजीत सिंह,ज्ञान कौर,कुनाल रस्तोगी, पृथ्वी बजाज सहित जल निगम के अधिशासी अभियंता मौजूद थे।

# केन्द्रीय मंत्री भट्ट ने गदरपुर में किया पेयजल योजना का निरीक्षण

गदरपुर (उद संवाददाता)।केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने गदरपुर के बकैनिया पेयजल योजना का निरीक्षण किया इस दौरान अधिकारियों को तय समय सीमा पर गुणवत्ता युक्त निर्माण कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। सोमवार को केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट उधम सिंह नगर के गदरपुर पहुंचे जहां उन्होंने बकैनिया पेयजल योजना का विस्तार से निरीक्षण किया। केंद्र की जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित योजना के अंतर्गत बकैनिया ग्राम सभा में 357. 93 लाख की लागत से बनने वाली इस योजना से बकैनिया एवं कनकटा के लगभग 692 परिवार लाभान्वित होंगे। केंद्रीय मंत्री श्री भट्ट ने विभाग व निर्माण संस्था को गुणवत्ता पूर्वक निर्माण कार्य तय समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। श्री भट्ट ने कहा कि हर घर में जल पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार के जल जीवन मिशन से त्वरित गति में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस योजना में लगभग 22 किलोमीटर पाइप लाइन क्षेत्र में बिछाई जाएगी। जबकि एक नलकूप और एक पंप हाउस का निर्माण कार्य भी किया जा रहा है उन्होंने बताया कि इस योजना के



अंतर्गत 200 के एल क्षमता वाले वाटर हेड टैंक का निर्माण भी हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा प्रत्येक घर में स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने को लेकर मिशन मोड में कार्य किया जा रहा है और जल्द ही कार्य पूरा होकर सभी घरों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखिजा जी, मण्डल अध्यक्ष सुरेश खुराना जी, ग्राम प्रधान निर्मला रानी,महामन्त्री अनिल जेटली, अभिषेक वर्मा, सकैनिया प्रधान प्रतिनिधि संजय चौधरी जी, जलेश्व 'नाथ त्रिपाठी जी, ज्योति राज महिला मोर्चा अध्यक्ष, साहब सिंह, भजन सिंह, मंगल सिंह, सुरजीत सिंह, ज्ञान कौर, भजन सिंह ,मंगल सिंह ,सुरजीत सिंह ,ज्ञान कौर ,कुनाल रस्तोगी ,पृथ्वी बजाज ,शिवम् त्रिपाठी ,संदीप कंबोज ,जल निगम की अधिशाषि अभियंता, जेई आदि उपस्थिति रहे।

# कैंचीधाम स्थापना दिवस पर 14-15 जून को यातायात रहेगा डायवर्ट

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पावन कैंची धाम स्थापना दिवस पर मंदिर आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आगामी 14 व 15 जून को मुख्य मार्ग का यातायात डायवर्ट किया गया है। एसपी ट्रेफिक डा. जगदीश चंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 14 व 15 जून को हल्द्वानी से भवाली कैंचीधाम की ओर से आने व जाने वाले भारी वाहन प्रतिबन्धित रहेगें। हल्द्वानी से अल्मोड़ा को जाने वाले यात्री वाहन, प्राईवेट वाहन दिनांक 14 जून को दिन में 2 बजे से खुटानी मोड़ , पदमपुरी, पोखरड़, कश्यालेख, शीतला, मोना, ल्वेशाल एवं क्वारब होते हुये अल्मोड़ा को निकलेगे। उन्होंने बताया नैनीताल से अल्मोड़ा पिथौरागढ़ को जाने वाले यात्री वाहन प्राईवेट वाहन भवाली रामगढ़ तिराहे से होते हुये मल्ला रामगढ़, नथुवाखान, क्वारब से होते हुये निकलेगे। अल्मोड़ा पिथौरागढ़ से आने वाले यात्री वाहन प्राईवेट वाहन 14 जून को दोपहर 2 बजे से क्वारब पुल से मोना ल्वेशाल, शीतला, पदमपुरी होते हुये खुटानी बैण्ड से भीमताल की ओर प्रस्थान करेगे। रानीखेत की ओर से आने वाले यात्री वाहन क्वारब होते हुये ल्वेशाल, मोना,



पदमपुरी से खुटानी बैण्ड से भीमताल की ओर प्रस्थान करेगे। भीमताल की ओर से आने वाले वाहन नैनी बैण्ड, मस्जिद तिराहा बाईपास में पार्क कराये जायेगे। नैनी बैण्ड से श्रद्धालुओं को शटल से कैंचीधाम के लिये भेजा जायेगा। उन्होंने बताया कि नैनीताल की ओर से कैंचीधाम आने वाले चार पहिया वाहनों को सेनिटोरियम रातीघाट रोड पर पार्क कराया जायेगा और यात्रियों को सेनिटोरियम बैरियर से शटल सेवा से कैंचीधाम को भेजा जायेगा। खैरना की ओर से कैंचीधाम आने वाले दर्शानार्थियों के वाहनों को खैरना पैट्रोल पम्प के आगे खाली स्थान पर पार्क कराया जायेगा तथा वहॉ से शटल सेवा के माध्यम से पनीराम ढाबे तक लाया व ले जाया जायेगा। भीमताल नैनीताल की ओर से कैंची जाने वाले दुपहिया वाहन भवाली में रामलीला ग्राउण्ड एवं पैट्रोल पम्प के पास स्थित पार्किग में पार्क कराये जायेगे। वहॉ से श्रद्धालुओं को शटल से कैंची मेला ले जाया जायेगा। जितनी भी शटल की गाड़ियां भवाली क्षेत्र में आयेगी वह वन विभाग बैरियर तक जायेगी वहॉ से श्रद्धालु कैंची मन्दिर तक पैदल जायेगे। काठगोदाम से भवाली (नैनी बैण्ड) मार्ग वन-वे रहेगा। उक्त मार्ग में गाड़ियां भवाली (नैनी बैण्ड) तक जायेगी। वापसी के लिये वाहन मस्जिद तिराहा भवाली से बैण्ड नं 01 को जायेगे। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं व पर्यटकों से अनुरोध किया है कि यातायात व्यवस्था को बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें तथा यातायात के नियमों का पालन करते हुए अपनी लेन में चलें। यदि किसी भी वाहन चालक के द्वारा यातायात के नियमों का उल्लंघन किया जाता है तो उसके विरुद्ध एमवी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

# योग दिवस की तैयारियों के लिए डीएम ने दिये दिशा निर्देश

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। अन्तराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के सम्बन्ध में एक महत्वपूर्ण बैठक जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में सम्पन्न हुई।बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि योग हमें शारीरिक, मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में सहायक होने के साथ ही श्वसन क्रिया के लिए भी लाभदायक होता है। जिलाधिकारी ने योगाभ्यास में एनसीसी तथा एनएसएस के विद्यार्थियों को भी शामिल करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने चयनित स्थलों पर सम्बन्धित क्षेत्रों के नगर निगर तथा नगर पालिका अधिकारियों को सफाई व्यवस्था दुरस्त करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल पर ओआरएस की व्यवस्था करने तथा इमर्जेन्सी टीम तैनात करने के निर्देश स्वास्थ्य



विभाग के अधिकारियों को दिये। बैठक में निर्णय लिया गया कि 21 जून को अन्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद के तीन शहरों में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। रूद्रपुर में सिटी क्लब, काशीपुर में रामलीला ग्राउण्ड तथा खटीमा में सर्राफ पब्लिक स्कूल में प्रात: 6:45 बजे से योगाभ्यास किया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जीमल, जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी एसके सोनी, एसीएमओ डॉ.राजेश आर्य, सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# पत्रकार प्रेस परिषद की जिला इकाई का गठन

## उर्वादत्त भट्ट बने जिलाध्यक्ष, अतुल अग्रवाल महामंत्री

लालकुंआ( उद संवाददाता)। पत्रकार प्रेस परिषद की बैठक में संगठन की जिला इकाई का गठन किया गया। कुमांऊ प्रभारी अशोक गुलाटी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से जिला इकाई का गठन करते हुए उर्वादत्त भट्ट को जिलाध्यक्ष, अतुल अग्रवाल को महामंत्री, ललित सनवाल जिला उपाध्यक्ष, लक्ष्मण मेहरा को महासचिव, बिशन दत्त और रेवाधर भट्ट को सचिव, राजेन्द्र सिंह नेगी, संजय मिश्र, हर्षित जोशी एवं शिवा कन्याल को प्रचार मंत्री, और प्रकाश चन्द्र भट्ट को





मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया। सभी पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए बधाई दी गयी। इस अवसर पर कुमांऊ प्रभारी अशोक गुलाटी ने कहा कि पत्रकार प्रेस परिषद को पूरे कुमांऊ में मजबूत बनने के लिए सभी जिला एवं नगर इकाईयों का जल्द गठन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पत्रकारों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए जल्द ही सरकार को ज्ञापन भेजे जायेंगे। उन्होंने कहा कि आज पत्रकारिता का अस्तित्व खतरे में हैं। कोरोना काल के बाद मीडिया से जुड़े लोग अभी तक उबर नहीं पाये हैं। पत्रकारिता और अपने हकों के लिये पत्रकारों को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। उन्होंने कहा कि आज पत्रकारों के सामने अपने वजूद को बचाये रखने की चुनौती है।पत्रकारों को अपने हक के लिए सड़क पर लड़ाई करनी होगी। पत्रकारों पर लगातार हमले बढ़ रहे हैं। पुलिस फर्जी मुकदमे दर्ज करके पत्रकारों को भयभीत कर रही है। ईमानदार व निष्पक्ष पत्रकारों को डराने की कोई भी कोशिश सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि पत्रकार प्रेस परिषद पत्रकारों से जुड़े मुद्दों को लेकर किसी भी संघर्ष से पीछे नहीं हटेगा। इस अवसर पर नवमनोनीत जिलाध्यक्ष उर्वा दत्त भट्ट ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गयी है उस पर पूरी निष्ठा से काम करते हुए जिले में संगठन को मजबूत बनाने के साथ ही पत्रकार हितों को लेकर हमेशा तत्पर रहेंगे।

# सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को संकल्पित मोदी सरकार के नौ वर्ष: भावना

शांतिपुरी( उद संवाददाता)। भाजपा के महाजनसंपर्क अभियान के तहत किच्छा विधानसभा का संयुक्त मोर्चा सम्मेलन को शांतिपुरी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री व जिले की प्रभारी भावना मेहरा का यहां पहुचने पर कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया। इससे पहले दीप प्रज्वलित व वंदे मातरम गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुवात की गयी ।महा जनसंपर्क अभियान के तहत सम्मेलन को संबोधित करते हुऐ भावना मेहरा ने कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र



सरकार गरीब शोषित वंछित दलित पीड़ित पिछड़ा वर्ग एवं आदिवासियों के उत्थान के प्रति समर्पित सरकार है कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आधुनिक भारत के विकास का स्वर्णिम इतिहास लिखा जा रहा है। कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश की आर्थिकी लगातार शक्तिशाली देशों को पिछाड़ आगे बड़ रही है ।प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सामान्य परिवार से आते है जो लोगो की पीड़ा परिवार के एक सदस्य की तरह समझते है वन रैंक वन पेंशन उज्वला योजना किसान निधि सहित राज्य में भी अनेको योजनाएं केंद्र सरकार द्वारा लागू की गयी है। इसके साथ ही देश व प्रदेश की सांस्कृति को संरक्षित व संवर्धित करने का कार्य केंद्र सरकार कर रही है । केंद्र सरकार पूरी तरह से गरीब कल्याण को समर्पित सरकार है । उन्होनें कहा कि महाजनसंपर्क अभियान के तहत कार्यकर्ता घर घर पहुंच जनता से संपर्क कर उन्हें केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दें। यहां पहुचे पूर्व विधायक राजेश कुमार शुक्ला ने भी केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला राजेश तिवारी जिलामंत्री दिग्विजय सिंह खाती मंडल अध्यक्ष अनिल यादव अक्षय अरोड़ा मनमोहन सक्सेना जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा महेंद्र वाल्मीकि सचिन शर्मा मंत्री शेखर कोरंगा डॉ हारून मालिक गोल्डी कुमार महिला मोर्चा की पिंकी डिमरी दीपा राय आरती दुबे दीपा बिष्ट सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**आवश्यकता है**
रुद्रपुर में पेट्रोल पम्प पर काम करने हेतु सेल्स मैन की। वेतन योग्यतानुसार
-:सम्पर्क करें:-
मो.9219617953

**वाटर प्रूफिंग**
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

**Shri Shyam Properties**
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

**जगदीश**
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

**REQUIRMENT**
Company:
M/S SANJAY BOX INDUSTRIES
Job Role:
ACCOUNTANT/TALLY ERP-9
Education Requirement: 12TH
Total Vacancy: 1 Posts
Job Locations: Adarsh colony,rudrapur
Experience: Fresher
Official e-mail:
sanjayboxind@gmail.com
CALL OR WHATSUP NO :
7505084350

# बाल श्रम जागरूकता व चिन्हीकरण अभियान चलाया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्रम विभाग, कुमाऊं सेवा समिति चाइल्ड लाइन उधमसिंह नगर व बाल कल्याण समिति द्वारा संयुक्त रूप से अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर व एक्शन मंथ जून माह के क्रम में बाल श्रम जागरूकता व चिन्हीकरण को लेकर बाजपुर में अभियान चलाया गया। जिसमे श्रम विभाग, चाइल्डलाइन , सीडब्ल्यूसी व पुलिस द्वारा रामराज चौराहे, बाजपुर में लोगो को बाल श्रम के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही श्रम प्रवर्तन अधिकारी बलराम सिंह द्वारा बालश्रम के बारे में बताते हुए कहा बाल श्रम बच्चों के लिए अभिशाप है तथा कानूनन अपराध है अभिभावकों को चाहिए कि वह बच्चों से काम न करा कर अपनी जिम्मेदारियों को समझें। क्योंकि बाल श्रम में फंसकर बच्चों का जीवन अंधकार मय हो जाता है तथा बाल श्रम के जरिए बच्चे क्राइम की तरफ बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि बच्चों की बुनियादी शिक्षा का इंतजाम करें। यह बच्चे देश का भविष्य है। अगर अभी से यह बाल श्रम करेंगे तो अपने भविष्य को क्या संवार पाएंगे ? चाइल्ड लाइन केंद्र समन्वयक शायरा बानो ने बताया कि समाज के सभी लोगो की यह जिम्मेदारी है कि अपने आसपास हो रहे बाल श्रम को रोकने के लिए प्रशासन का सहयोग करें। उन्हें चाहिए अगर वह कहीं भी बाल श्रम होते हुए देखते है तो वह इसकी जानकारी 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन , श्रम विभाग, सीडब्ल्यूसी व संबंधित थाने को उसकी सूचना दे सकते हैं। साथ ही उन्होंने लोगो से अपील की कि बच्चों से बाल श्रम कराने जाने पर दुकानदारों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। बच्चों का भविष्य बनाने के लिए उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जरूर जोड़ें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न तरह की योजनाएं चला कर बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है।बाल कल्याण समिति मेंबर हरनीत कौर द्वारा दुकानदारों व बच्चो के अभिभावकों को बाल श्रम करने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने को व बाल श्रम अधिनियम के बारे में जानकारी दी। साथ ही बच्चो की काउंसलिंग की गई। अभियान के दौरान दो बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया। एक बच्चे को बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार चाइल्ड लाइन कार्यालय में आश्रय दिया गया। इस दौरान श्रम प्रवर्तन अधिकारी बाजपुर बलराम सिंह, बाल कल्याण समिति मेंबर हरनीत कौर ,चाइल्ड लाइन केंद्र समन्वयक शायरा बानो , टीम मेंबर अंशुल कपूर व बाजपुर कोतवाली से पुलिस कॉन्स्टेबल आदि उपस्थित रहे।



# भाजपा बनी सबसे बड़ी पार्टी: बिष्ट

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के नौ वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित किये जा रहे एक माह के महा जनसंपर्क अभियान संयुक्त मोर्चा सम्मेलन कार्यक्रम के तहत हल्द्वानी विधानसभा के हल्द्वानी मंडल स्थित एमबीपीजी लालबहादुर शास्त्री सभागार में ष्बरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलनष आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व दर्जा राज्यमंत्री व पूर्व महामंत्री गजराज बिष्ट मौजूद रहे। भाजपा के मंडल अध्यक्ष किशोर जोशी की अध्यक्षता में आयोजित बरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन का शुभारम्भ महा जन सम्पर्क अभियान के वक्ता पूर्व दर्जा राज्यमंत्री व पूर्व प्रदेश महामंत्री गजराज बिष्ट ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन में सम्पूर्ण विधानसभा से पहुचे वरिष्ठ कार्यकर्ताओ का मुख्य गजराज बिष्ट ने फूल माला से स्वागत करते हुए भारतीय जनता पार्टी जो आज दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में खड़ी है वो पांच पीढ़ी के उन वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के त्याग और उनके समर्पण के कारण ही सम्भव हुआ है। हम जिस लड़ाई के लिए हम लड़ रहे हैं वह देश के मान सम्मान की लड़ाई है। भाजपा ने कश्मीर में धारा 370 हटाई किसी ने भी आपत्ति नही उठाई। भाजपा सरकार अच्छा काम कर रही है। इन कार्यों को कार्यकर्ता जन जन तक पहुंचाये। आज की युवा पीढ़ी उनके मार्गदर्शन में चलकर पार्टी की मजबूती के लिए काम करने की प्रेरणा लेगी।महामंत्री रंजन बर्गली ने आगामी कार्यक्रमो की रूपरेखा बताई।कार्यक्रम के विधानसभा संयोजक हरिमोहन अरोरा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता से हटाने के लिए विपक्ष एडी चोटी का जोर लगा रहे है। सभी कार्यकर्ताओं ने तय करना है देश की तरक्की को और गति देने के लिए आगामी चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को और अधिक मजबूती प्रदान करनी है । संयुक्त मोर्चा कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यकर्ता महा जनसम्पर्क अभियान उपाध्यक्ष प्रतिभा जोशी, महामंत्री रंजन बर्गली, मंडल अध्यक्ष किशोर जोशी, मंडल अध्यक्ष प्रताप रैकवाल, प्रदेश प्रवक्ता अनिल डब्बू, मीडिया प्रभारी भुवन भट्ट, विजय लक्ष्मी चौहान, युवा मोर्चा अध्यक्ष कार्तिक हरबोला, मंडल महामंत्री मधुकर क्षोत्रिय, अमित खोलिया, चन्दन बिष्ट, गौरव गवी, नरेंद्र सिंह रोडू, जगजीत सिंह मीती, भुवन जोशी, राजेंद्र अग्रवाल, दिनेश आर्या, संजीव कुंवर, पूनम जोशी समेत विधानसभा के वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर रवि रोटी बैंक के समाजसेवी लोगों का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया।




# रामलीला कमेटी के चुनाव न करने पर दी आंदोलन की चेतावनी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।श्री रामलीला कमेटी हल्द्वानी की नई कार्यकारिणी के चुनाव की घोषणा नही किए जाने से क्षुब्ध होकर एक शिष्टमंडल सिटी मजिस्ट्रेट से मिला और उनको एक माह पूर्व किए गए आश्वाशन को याद दिलाया। शिष्टमंडल ने कहा कि 6 मई को नगर के सामाजिक व धार्मिक लोगो द्वारा श्री रामलीला कमेटी की कार्यकारिणी के चुनावी कार्यक्रम की घोषणा करने को लेकर ज्ञापन दिया था जिस पर आपके द्वारा यह कहा गया था कि शीघ्र ही इस संबंध में पूर्व में जिलाधिकारी द्वारा जो तीन सदस्यीय कमेटी बनाई गई हे उसके साथ मिलकर चुनावी कार्यक्रम की घोषणा कर दी जाएगी। इस बात को एक माह से ज्यादा बीत चुका हे लेकिन कोई भी कार्यवाही होते नजर नहीं आ रही है। जिससे नगर के लोगो में शंका पैदा हो रही है। श्री रामलीला कमेटी में मैदान से अतिरिक्त इससे जुड़ी अरबों की संपत्ति हे और इस संपत्ति पर भू माफियाओं की नजर लगी है जो शासन प्रशासन को राजनेतिक दवाब के चलते गुमराह कर ट्रस्ट बनवाकर अपने हित साधने में लगे हैं जो नगर की धर्मप्रेमी जनता के साथ अन्याय होगा। शिष्ट मंडल ने बताया श्री रामलीला कमेटी में पूर्व में रिसीवर नियुक्त हुए थे और कार्यकारिणी के चुनाव हेतु संविधान बना था जो कि उपनिबंधक कार्यालय में रजिस्टर्ड है जिसके अनुसार पूर्व में 3 बार आम चुनाव संपन्न हो चुके है। ऐसा प्रतीत होता हे किसी दवाब के चलते या किसी को फायदा पहुंचाने हेतु नई कार्यकारिणी के चुनाव को टाला जा रहा है जिसे नगर की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी।यदि शीघ्र से शीघ्र संविधान के तहत श्री रामलीला कमेटी के चुनाव की घोषणा नही होती हे तो श्री रामलीला कमेटी के अस्तित्व को बचाने के लिए जन आंदोलन किया जाएगा। शिष्टमंडल में प्रमुख रूप से राजेन्द्र फर्सवान, राजेन्द्र सुयाल, जितेंद्र रोतेला, वीरेंद्र गुप्ता, राजेंद्र बिष्ट, संतोष कुमार, भुवन जोशी आदि थे।



# बाबा बंदा सिंह बहादुर के शहीदी दिवस पर प्रतियोगिता आयोजित

गदरपुर(उद संवाददाता)। देश और धर्म की रक्षा तथा सूबा सरहिंद का नाश करने वाले अमर शहीद बाबा बंदा सिंह बहादुर के शहीदी दिवस पर आयोजित की गई क्विज प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत करके उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई । सिख मिशनरी कालेज लुधियाना की गदरपुर इकाई के संयोजक देवेंद्र सिंह के सौजन्य से गुरुद्वारा सिंह सभा गदरपुर में बाबा बंदा सिंह बहादुर के शहीदी दिवस 9 जून को एक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई । प्रतियोगिता में प्रभजोत प्रथम ,मानवी द्वितीय एवं युवराज तृतीय रहे ।कार्यक्रम में पहुंचे शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी धर्म प्रचार कमेटी श्री अमृतसर के उत्तराखंड मिशन के प्रचारक हरजिंदर सिंह ने कहा, बाबा बंदा सिंह बहादुर द्वारा गुरु गोविंद सिंह से नाम दान की प्राप्ति एवं अमृत छक कर शस्त्र धारी होकर अपना जीवन देश धर्म की खातिर लगाने का संकल्प किया गुरु गोविंद सिंह द्वारा फौज एवं शस्त्र प्रदान करते हुए सरहिंद रवाना किया । जहां छोटे साहिबजादों को वजीर खान द्वारा जिंदा दीवारों में चुनवा कर शहीद किया गया था सूबेदार वजीर खां और अन्य जालिमों को मारने के उपरांत बाबा बंदा सिंह बहादुर ने सरहिंद पर कब्जा करके कई वर्ष तक राज किया और खालसा राज के रूप में राज्य को और विस्तार देते हुए सभी जुल्म करने वालों को सजा और गरीब लोगों की सहायता करते हुए उन्हें जमीनों के मालिक बनाया । कई वर्षों के राज्य काल के उपरांत उन्हें धोखे से कैद करके दिल्ली के कुतुब मीनार महरौली के पास अपना धर्म तब्दील करके इस्लाम कबूल ना करने पर उनका मांस नोच नोच कर शहीद कर दिया गया साथ ही उनके 5 वर्षीय पुत्र और 700 से अधिक अन्य सिख कैदियों को भी शहीद किया गया । कार्यक्रम का संचालन करने वाले रेड रोज पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अजैब सिंह धालीवाल ने कहा शहीदों की बदौलत हम आज अपने देश में आजादी का सुख मान रहे हैं उन्होंने देश धर्म की आजादी के लिए अन्य शहीदों द्वारा दी गई कुर्बानियों को याद करते हुए उन्हें नमन किया । कार्यक्रम आयोजक देवेंद्र सिंह ने कहा ऐसे क्विज प्रतियोगिता के कार्यक्रम करवाए जाने से प्रतिभागियों को शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेने का अवसर प्राप्त होता है । इस मौके पर हर्षमीत कौर, सिद्क , सीरत, मान्या, जिगर, सिमरन, बलजीत कौर,लवी सिंह आदि शामिल थे ।



# हरदा ने निकाली कांग्रेस से जुड़िये पदयात्रा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत सोमवार को दिनेशपुर पहुंचे। जहां उन्होंने कांग्रेस से जुड़िए यात्रा निकाली। इस अवसर पर उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा, पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हरीश बाबरा, पूर्व महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जगदीश तनेजा, महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली, महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रामप्रसाद, कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पूर्व प्रधान राजेश कुमार, कांग्रेस नेत्री लक्ष्मी राय, आशुतोष राय, पूर्व पूर्व सांसद प्रतिनिधि साजिद खान, पूर्व निगम पार्षद उमर अली, सलमानी, राहुल गांधी बिग्रेड के प्रदेश अध्यक्ष फरीद अहमद मंसूरी, कांग्रेस नेता विजय हरि, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा सहित बड़ी संख्या में अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।





# नगर में गंदगी का अंबार लगने से संक्रामक बीमारियों का खतरा

काशीपुर(उद संवाददाता)। साफ-सफाई को लेकर नैनीताल हाई कोर्ट द्वारा सख्त नाराजगी जताई जाने के बावजूद निगम के अधिकारियों पर इसका कोई खास प्रभाव नहीं देखा जा रहा है। शहर के दर्जनों आबादी वाले मोहल्ले कचरे से पटे पड़े हैं। गंदगी से बजबजाते नाले नालियों की नियमित रूप से सफाई ना होने के कारण गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ने लगा है। रामनगर रोड पर प्राइवेट बस स्टैंड के समीप मोहल्ला महेशपुरा में बांसफोड़ान पुलिस चौकी के समीप पुरानी सब्जी मंडी नई सब्जी मंडी समेत नगर के दर्जनों स्थानों पर जमा कचरे के ढेर में आवारा पशु मुंह मारते देखे जाते हैं। इसी तरह रतन रोड पर, मुख्य चौराहे के समीप डॉक्टर लाइन के अलावा लक्ष्मीपुर पट्टी मजरा काली बस्ती गौतम नगर कवि नगर अल्ली खां आदि आबादी वाले मोहल्ले भी लंबे समय से साफ सफाई की बाट जोह रहे हैं। साफ-सफाई के अभाव में नगर क्षेत्र में इन दिनों मच्छरों का प्रकोप भी काफी बढ़ गया है इसके कारण भी लोग संक्रमण बीमारियों के शिकार होने लगे हैं। बरसात नजदीक आने के कारण जलभराव को लेकर व्यापारियों के चेहरे अभी से उतर गए। बता दें कि प्रतिवर्ष बरसात के दिनों में जलभराव के कारण व्यापारियों को लाखों रुपयों का नुकसान होता है। जलभराव की समस्या काशीपुर की ज्वलंत समस्याओं में से एक है जिसका आज तक निराकरण नहीं हो सका।

# एनएचआई भू-माफिया गठजोड़

# कहीं करोड़ों के वारे न्यारे तो नहीं कर दिए गए ?

-अर्श-


## ❑एनएचआई ने बंद किया प्रीत विहार कॉलोनी के लिंक रोड का कट, आमजन की बढ़ी मुश्किलें
## ❑मुंह में दही जमाए बैठे जनप्रतिनिधि, आखिर सहायक मार्ग को मुख्य मार्ग बनाने के मूल में क्या?





रूद्रपुर। करीब पखवाड़े भर पहले एनएचआई ने प्रीत विहार कॉलोनी की लाइफ लाइन कहे जाने वाली तथा उत्तराखंड निर्माण के समय से मौजूद प्रीत विहार मेन लिंक रोड के रामपुर नैनीताल हाईवे पर स्थित कट को पूरी तरह बंद कर दिया है। जिससे स्थानीय रहवासियों को अनेक प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बड़ी विडंबना यह है कि आमजन को होने वाली इस दिक्कत पर जनप्रतिनिधि पूरी करें मौन धारण किए हुए हैं। बता दें कि इसी लिंक रोड पर प्रीत विहार का मुख्य बाजार, सेंट मार्क स्कूल, जीनियस पब्लिक स्कूल, लिटिल एंजेल स्कूल एवं गुरु नानक डिग्री कॉलेज जैसे बड़े शिक्षण संस्थान, अनेक ट्रांसपोर्ट, गोदाम, छोटी-बड़ी मेडिकल डिस्पेंसरी तथा कुछेक स्मॉल स्टार्टअप स्थित है। रुद्रपुर को खानपुर से जोड़ने वाले इस लिंक मार्ग का उपयोग प्रीत विहार सहित आसपास के क्षेत्र की तकरीबन 15000 की आबादी रोजाना करती है। इस लिहाज से इस लिंक रोड के रामपुर नैनीताल हाईवे पर स्थित 'कट' को खुला रखना निहायत जरूरी था, लेकिन एनएचआई द्वारा अपने किन्ही नियमों को आधार बनाकर बनाते हुए उक्त कट को बंद कर दिया गया है। वैसे तो हाईवे पर स्थित किसी कट को खोलना और बंद करना एनएचआई के लिए सामान्य बात है, लेकिन प्रीत विहार कॉलोनी के लिंक रोड जैसे मुख्य मार्ग के कट को बंद करके, जिस सहायक मार्ग पर ट्रैफिक डायवर्जन को सुगम बनाया गया है वह तनिक असामान्य दिखता है और उसमें किसी 'बड़े खेल' की बू आती है। वह इसलिए क्योंकि कि प्रीत विहार मेन लिंक रोड के कट को बंद करके झा इंटर कॉलेज के सामने से दो नंबर कॉलोनी की ओर जाने वाले जिस सहायक मार्ग पर कट को खुला रख छोड़ा गया है, उसके दोनों तरफ सैकड़ों एकड़ का रकबा खाली पड़ा है। इसके अतिरिक्त उक्त सहायक मार्ग प्रीत विहार मेन लिंक रोड की तुलना में कम चौड़ा है। दूसरे शब्दों में कहें तो प्रीत विहार वाला मुख्य मार्ग मे भारी चार पहिया वाहनों की क्रॉसिंग भी आसानी से हो जाती थी मगर उपरोक्त सहायक मार्ग में भारी चार पहिया वाहनों की क्रॉसिंग बड़ी दिक्कतों के बाद हो पाती है। बावजूद इसके एनएचएआई द्वारा ट्रैफिक का सारा डायवर्जन उपरोक्त सहायक मार्ग पर कर दिया गया है। सो, सूरते हाल अब यह है कि इंदिरा चौक से प्रीत विहार कॉलोनी और उसके आस-पास की अन्य सभी कालोनियों की ओर जाने वाले हर वाहन को अब इसी सहायक मार्ग से गुजरना होता है। जाहिर है की एनएचआई की एक छोटी सी कोशिश से ही एक सहायक मार्ग मुख्य मार्ग बन गया और इस मार्ग से लगे भूखंडों की कीमत रातों-रात आसमान छूने लगी। यहां यह भी स्पष्ट है कि संरचनात्मक दृष्टि से उपरोक्त मार्ग मुख्य मार्ग बनाए जाने लायक प्रथम दृष्टया तो बिल्कुल ही नहीं है, पर ऐसा कर दिया गया है। अब 'इसे ऐसा कर देने' के पीछे कौन सा समीकरण संतुलित किया गया होगा? इसका अंदाजा लगाना तनिक भी मुश्किल नहीं है। कहने की जरूरत नहीं कि एनएचआई में बैठे बड़े खिलाड़ियों और शहर के घाघ भू-माफियाओं के बीच अगर कोई बड़ा खेल हुआ होगा तो उसमें करोड़ों के वारे न्यारे कर दिए गए होंगे। वैसे किसी सहायक मार्ग को मुख्य मार्ग बनाने के लिए ट्रैफिक डायवर्जन की पृष्ठभूमि में अमूमन कौन सी खिचड़ी पकती है ? इसका अंदाजा उत्तरांचल दर्पण के प्रबुद्ध पाठक बखूबी लगा सकते हैं। और जब ट्रैफिक डायवर्जन किसी ऐसे सहायक मार्ग पर हुआ हुआ हो जिसके दोनों तरफ सैकड़ों एकड़ भूमि खाली पड़ी हो और उस पर भू- माफियाओं की गिद्धदृष्टि पहले से ही टिकी हो, तब सेटिंग गेटिंग की संभावनाएं बड़ी ही प्रबल हो जाती हैं। यहां यह बताना जरूरी होगा कि इस सहायक मार्ग से लगे हुए कुछ भूखंड तो रामपुर- नैनीताल हाईवे से लगे होने के कारण पहले ही बेशकीमती हैं। ट्रैफिक डायवर्जन के इस बड़े खेल के बाद अब उक्त भूखंड सोने से हीरा बन जाएंगे। खैर, उपरोक्त ट्रैफिक डायवर्जन को अमलीजामा पहनाए जाने के बाद अब लोक विहार कॉलोनी से टीचर्स कॉलोनी के बीच केवल एक कट बचा है और इस कारण आमजन की परेशानियां बढ़ी है और वह इसके लिए एनएचआई के अधिकारियों को दोषी ठहराए जाने ठहराने के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों की जनहित की प्रतिबद्धता को भी कटघरे में खड़ा कर रहे हैं।

## ठुकराल ने किया था क्या शिव भी करेंगे ?



रूद्रपुर। कुछ वर्ष पूर्व एनएचएआई ने अपने विसंगति पूर्ण नियमों को आधार बनाकर काशीपुर रोड स्थित गल्ला मंडी के कट को भी कुछ समय के लिए बंद कर दिया था। तब रुद्रपुर के तत्कालीन विधायक राजकुमार ठुकराल ने इस पर सख्त एतराज किया था और बकायदा आंदोलनात्मक रुख अपनाकर इस कट को खुलवाया था। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या रुद्रपुर के वर्तमान विधायक शिव अरोरा प्रीत विहार कॉलोनी का कट खुलवा, आमजन की मुश्किलों को कम करने के लिए कोई कदम उठाएंगे ?



प्रीत विहार लिंक रोड का कट बंद करने उचित नहीं है। सारे बड़े स्कूल, कॉलेज, गोदाम और अस्पताल इसी रोड में पढ़ते हैं पड़ते हैं। इस लिहाज से इस रोड को तो पूरी तरह चाक-चौबंद रखना चाहिए। पर यहां तो इसका उल्टा हो रहा है हमेशा व्यस्त रहने वाली सड़क का ही कट बंद कर दिया गया है।

-आसिफ



यातायात का छोटा सा नियम टूटने पर प्रशासन द्वारा जनता पर जुर्माना लगा दिया जाता है। पर प्रीत विहार का कट बंद करके प्रशासन स्वयं हमें यातायात के नियमों को तोड़ने के लिए विवश कर रहा है। जब हम प्रीत विहार से इंदिरा चौक की ओर जाते हैं तो हमें टीचर्स कॉलोनी तक मजबूरन रॉन्ग साइड जाना पड़ता है।

-राजू खान



जनता के लिए केवल समस्याएं ही पैदा की जा रही हैं। आए दिन कोई न कोई बे सिर पैर का नियम बना दिया जाता है। कॉलोनी के मेन मार्केट वाली सड़क का कट बंद करना समझ से परे है। पार्षद को कट खुलवाने के लिए आगे आना चाहिए लेकिन उनसे कुछ हो पाने की कोई उम्मीद नहीं है।

-पवन श्रीवास्तव



हर तरफ महंगाई का आलम है। डीजल पेट्रोल के दाम आसमान छू रहे हैं। ऐसे में हम बूंद बूंद डीजल पेट्रोल बचाने की कोशिश करते हैं, लेकिन अब ऐसी वाहियात व्यवस्था कर दी गई है जिससे हमें तकरीबन किलोमीटर भर फालतू घूमना घूम कर बाजार जाना पड़ता है।

-कल्पना



जनता अच्छा सोचने वाला कोई नहीं है। कट बंद होने से कई नई समस्याएं खड़ी हो गई है। अब एक तो हमें घूम कर जाना पड़ता है, वही दूसरी रूट लंबा हो जाने के कारण टुकटुक वाले भी ज्यादा किराया मांगते हैं।

-राधेश्याम शर्मा

## पार्षद ने फोन ही नहीं किया रिसीव



रूद्रपुर। प्रीत विहार कॉलोनी लिंक रोड का कट बंद किए जाने से आमजन को हो रही मुश्किलों से निजात दिलाने के लिए की दिशा मे प्रीत विहार क्षेत्र के पार्षद सुशील यादव की भावी कार्य योजना को जानने के लिए जब उनसे संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उन्होंने फोन ही नहीं रिसीव किया। रविवार को उनका मोबाइल स्विच ऑफ था और सोमवार को बेल बजती रही, पर उन्होंने फोन नहीं रिसीव किया। यहां पाठकों को यह बताना आवश्यक है कि इन पार्षद महोदय ने अपने वार्ड के भीतर कुछ स्थानों पर बोर्ड लगवा कर, उसमें अपना फोन नंबर भी अंकित करवा रखा है और पूरे वार्ड में यह ढिंढोरा पिटवा रखा है कि वार्ड की जनता जब चाहे उनसे फोन पर संपर्क कर सकती है। मजे की बात यह है कि अव्वल तो उनका फोन स्विच ऑफ रहता है और अगर बेल बजी भी, तो वे फोन नहीं रिसीव करते। लिहाजा जनता के प्रति उनके सेवा समर्पण का अंदाजा लगाना तनिक भी मुश्किल नहीं।

## विदेशी करेंसी बदलने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस टीम ने विदेशी करेन्सी बदलने का झांसा देकर लाखों रुपयों की ठगी करने वाले शातिर गिरोह का भंडाफोड करते हुए हजारों की नगदी सहित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 10 जून को मौ0 इकवाल पुत्र सलीम निवासी उत्तर उजाला बरेली रोड द्वारा तहरीर दी गयी कि तीन अज्ञात लोगो द्वारा उसके आयसा टूर एण्ड ट्रैवल्स कम्पनी मे आकर रियाल करेन्सी को भारतीय मुद्रा मे बदलने के नाम पर धोखाधडी कर तीन लाख रूपये से ज्यादा की ठगी कर ली और तीनों अभियुक्त फरार हो गये। मामले के खुलासे के लिए हरेन्द्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली द्वारा उनि जगदीप सिह चौकी प्रभारी मगलपडाव व उनि गुलाब सिह चौकी प्रभारी मंडी की संयुक्त टीम का गठन किया



गया। टीम द्वारा घटना के खुलासे हेतु घटना स्थल के आसपास व संभावित स्थलो के सीसीटीवी फुटेज चौक किये गये। जिसमे कई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने मंडी गेट पर तीन अभियुक्तो को गिरफ्तार कर लिया। जिनके कब्जे से ठगी के रुपये बरामद किये गये। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता हयात खान पुत्र आमिर खान निवासी मदर डेरी डबल टेनी थाना विजयनगर जनपद गाजियाबाद, आकाश मलिक पुत्र दिपांकर मलिक निवासी शिवविहार थाना उत्तमनगर नई दिल्ली तथा आलमिन शेख पुत्र जमूर अली निवासी साधना औषधालय रोड़ थाना लेकटाउन उत्तर 24 परनगा पं बगाल बताया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे 30 हजार रुपए बरामद हुए। पुलिस टीम में उनि गुलाब सिंह, चौकी प्रभारी मण्डी, उनि जगदीप नेगी चौकी प्रभारी मगंल पडाव, कानि. वंशीधर जोशी, अरुण राठौर, फिरोज, अनिल गिरी, (एसओजी), दिनेश नगरकोटी (एसओजी), अरूण राना व संतोष बिष्ट शामिल थे।

## राहगीरों की भीषण गर्मी में ठंडे मीठे शरबत का वितरण किया

गदरपुर( उद संवाददाता)। समाजसेवी अशोक बठला द्वारा अन्य समाजसेवियों एवं दुकानदारों के सहयोग से गूलरभोज रोड टंकी के पास राहगीरों को ठंडे मीठे पानी का वितरण किया गया। अशोक बठला ने बताया कि जरूरतमंदों की सहायता एक पुण्य का कार्य है उन्होंने बताया ठंडे मीठे पानी की छबील से आने जाने वाले राहगीरों को गर्मी



से राहत दिलाई। लोगों द्वारा उक्त कार्य की सराहना की गई। सेवा करने वालों में अशोक बठला, राजू वाधवा, अमन बठला, प्रमोद बजाज, विकास ठक्कर, पवन कुमार, रवि कालड़ा, दिनेश कुमार, सुखपाल सिंह, ज्ञानचंद बजाज आदि शामिल थे।

# अपने धर्म का सम्मान करें, किसी का निरादर नहीं: हरि चैतन्यपुरी

## प्राकट्योत्सव पर उमड़ा जन सैलाब: केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट, ज्योति शाह, हरीश रावत, शैलेंद्र सिंघल आदि ने लिया आर्शीवाद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर एवं संत श्री श्री 1008 स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज का 63 वां प्राकट्योत्सव यहाँ एएन झा इंटर कॉलेज करनपुर में तमाम जनप्रतिनियों के साथ हजारों हरि भक्तों ने हर्षोल्लास पूर्वक मनाया। इस मौके पर श्री महाराज ने विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि धर्म लौकिकता व पारलौकिकता के बीच एक सेतु का काम करता है। लौकिक कर्तव्यों का पालन करते हुए पारलौकिक







मार्ग पर कैसे आगे बढ़ा जा सके यह सिखाता है धर्म। कर्म,भक्ति व ज्ञान का सुन्दर समन्वय स्थापित करके जीवन को आदर्श, महान, सुखी व समृद्ध बनाने का संदेश देता है धर्म। सत्य, अहिंसा, परोपकार, राष्ट्र भक्ति, माता पिता व गुरुजनों का सम्मान, सदाचरण, नैतिकता व चारित्रिक उत्थान का संदेश देता है ध र्म । हम आज हिन्दू , मुसलमान, सिख, ईसाई , बौद्ध, पारसी, जैन इत्यादि बने हैं जिसमें कोई बुराई नहीं लेकिन एक सच्चे इंसान बने हैं या नहीं अंतरात्मा में यह सोचने पर मजबूर करता है धर्म। हम अपने धर्म का सम्मान करे लेकिन औरों का निरादर नहीं। सही दिशा में उठाया हमारा हर कदम कल्याणकारी होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में समाज में निरन्तर नैतिकता, राष्ट्रीयता व चरित्र का हो रहा ह्रास अत्याधिक चिंता का विषय हैं। धर्म से कुछ लोगों ने अपने तुच्छ स्वार्थों को पूरा करने का प्रयास किया। धर्म से विज्ञान दूर होने पर ही ढोंग,पाखंड, अंधविश्वास, रूढिवादिताओं को बढावा मिलता है। धर्मविहीन विज्ञान विकास का नहीं, विनाश का कारण बनेगा। धर्म और विज्ञान एक दूसरे के पूरक हैं। देश को तोड़ने व बाटँने की जो घृणित व कुत्सित साजिशें की जा रही हैं। उन्हें सफल नहीं होने देना है। राष्ट्र में सभी को सभी प्रकार के मतभेदों व संकीर्णताओं को त्यागकर आपसी प्रेम,एकता व सद्भाव को बनाए रखना हैं। महाराज श्री ने भागवत शब्द की व्याख्या करते हुए कहा कि 'भा' यानी भाव सृजन करने वाली, 'ग' यानी गर्व को नष्ट करने वाली, 'व' यानी वर्ण व वर्ग भेद को समाप्त करने वाली। 'त' यानी तपस्चर्या परिपूर्ण जीवन जीने का संदेश देने वाली। ग्रहस्थ को ही तपोवन बना लें। जंगलों, गुफाओं या हिमालय में तप हेतु जाने की आवश्यकता नहीं है। गंगा व यमुना की तरह पवित्र भाव से आपस में मिले, जीवन में एक लक्ष्य हो, लक्ष्य की ओर निरंतर प्रयास हो। मनोबल, आत्मबल व आत्मविश्वास बरकरार रखें। परमात्मा का स्मरण करते हुए बाधा,कठिनाईयों,परीक्षाओं से यदि न घबराते हुए निरंतर चले तो सफलता अवश्य ही कदम चूमेगी। व ऐसा मिलाप होने पर गंगा व यमुना की तरह एक बार मिलने के बाद कभी संबंध टूटने की कगार पर नहीं आएंगे।उन्होंने कहा कि मानव जीवन की ही महिमा है कि वह अपने लिए समाज के लिए व परमात्मा के लिए उपयोगी हो सकता है। त्यागपूर्वक शांत होकर अपने लिए, उदारता पूर्वक सेवा करके समाज के लिए व आत्मीयता पूर्वक प्रेम करके परमात्मा के लिए उपयोगी होता है। शांत उदार व प्रेमी भकघ्त हो जाना यह मानव जीवन की महिमा है। जो शांत होगा वह उदार तथा जो उदार होगा वह भक्त होगा। ऐसा जीवन ही पूर्ण जीवन है व ब्रह्मा का साक्षात्कार भी यही है।त्याग संसार का नहीं अपितु ममता, अहंकार , अधिकार ,लोलुपता आसक्ति आदि का करना है ।परमात्मा अप्राप्त नहीं, नित्य प्राप्त है। मात्र प्राप्ति की स्मृति व जागृति के लिए निरन्तर सत्संग के प्रकाश में जीना है। महाराज श्री ने कहा कि सत्य बोलो और धर्म का आचरण करो, जीवन में सफलता मिलेगी। महाराज श्री के दर्शनार्थ व दिव्य प्रवचनों को सुनने के लिंए हजारों की संख्या में भक्त जन पहुँचे ।अपने धाराप्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध व भाव विभोर कर दिया । सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा व श्रीगुरु महाराज, कामां के कन्हैया व लाठी वाले भैया की जय जयकार से गूंज उठा।श्री हरि कृपा सेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने श्री महाराज जी का 63 किलो की गुलाब के फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया। सुप्रसिद्ध भजन गायक टेक चंद शर्मा, नानक चंद शर्मा, गोविंद सैनी व पप्पू लहरी ने गुरू महिमा की सुन्दर प्रस्तुतियाँ दी। देश भक्ति से ओतप्रोत कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। इस दौरान स्वतंत्रता सेनानी परिवार, शहीद सैनिकों के परिजनों, अंडर 19 राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के प्रतिभागी खिलाड़ी अवनीश सुधा, पत्रकार प्रमोद धींगरा सहित अनेक लोगों को श्री महाराज ने सम्मानित किया। कार्यक्रम के बाद विशाल भण्डारा आयोजित हुआ । जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम में हजारों भक्तों के साथ अनेक संत, रक्षा राज्यमंत्री व पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट, पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय महासचिव कांग्रेस हरीश सिंह रावत, महिला आयोग उपाध्यक्ष ज्योति शाह मिश्रा, विधायक रामनगर दीवान सिंह बिष्ट, पूर्व विधायक जसपुर शैलेन्द्र मोहन सिंघल, पूर्व पालिकाध्यक्ष रामनगर भागीरथ चौधरी, पूर्व मेयर ऊषा चौधरी, हेम भट्ट ,अनेक दलों के नेता व गणमान्य लोग श्री महाराज जी के दर्शनों व आशीर्वाद लेने पहुँचे। श्री भट्ट एवं श्री रावत ने अपने संबोधन में श्री महाराज के साथ बिताए दशकों पुराने पलों को सुनाया और सभी से श्री महाराज जी के बताए मार्ग पर चलने का आग्रह किया।


गुरू मां

GURU MAA ENTERPRISES



AC चाहिए?

आधार लाये, उधार ले जायें...

0% BAJAJ FINSERV

UP TO 50% OFF

सबसे ज्यादा कैशबैक

0% ब्याज मुक्त फाइनेंस

खरीदारी के दिन डिलीवरी

Guru Maa Enterprises

हल्द्वानी
तिकोनिया मो- 9837077682
चर्च कम्पाउंड मो- 9690256666
पिली कोठी मो- 9997207007

रुद्रपुर
काशीपुर बाईपास रोड मो- 9927882338, 9568869000

काशीपुर
चीमा चौराहा मो-7455045084
रामनगर रोड मो-9917161111

गदरपुर
गुरूनानक इंटरप्राईजेज
पंजाबी कालोनी गली मो-9927850999

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# जलवायु परिवर्तन का असर

प्रकृति पर किसी का बस नहीं है और उसकी अनिश्चितता के बारे में पक्के तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता।प्रकृति की अपनी अपनी गति होती है और अगर यह अपनी सामान्य अवस्था में है तो धरती पर जीवन स्थितियां मजबूत होती हैं। लेकिन अगर किन्हीं वजहों से इसका चक्र बाधित होता है तो यही प्रकृति बड़े नुकसान का भी वाहक बनती है। पिछले कुछ सालों से जलवायु परिवर्तन के मसले पर समूची दुनिया में चिंता जाहिर की जा रही है।लेकिन अब जिस तेज गति से मौसम के रुख में बदलाव और अप्रत्याशित उथल-पुथल देखा जा रहा है, वह निश्चित रूप से एक बड़ी चिंता की वजह होनी चाहिए। पर्यावरण के मसले पर हाल ही में आई एक रपट में जो आकलन सामने आया है, उससे यह समझा जा सकता है कि वह ठंड हो या गर्मी या फिर बरसात, इनका जो असर सामने आ रहा है, उसने सबको चौंकाया है।कभी कड़ाके की ठंड तो कभी तेज गर्मी या फिर बेमौसम बरसात ने समूचे जनजीवन को बाधित किया है। इसके अलावा, बारिश, ओलावृष्टि, आकाशीय बिजली आदि में असंतुलन की वजह से इस साल के शुरुआती चार महीनों में ही कम से कम दो सौ तैंतीस लोगों की जान चली गई और लगभग साढ़े नौ लाख हेक्टेयर क्षेत्र में लगी फसल बर्बाद हो गई। इस तरह खेती-किसानी को भी व्यापक नुकसान हुआ।प्रकृति पर किसी का बस नहीं है और उसकी अनिश्चितता के बारे में पक्के तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता। इसलिए अचानक ही होने वाली बरसात, बर्फबारी या फिर तापमान में अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव आदि की वजह से होने वाले नुकसान पर भी किसी का जोर नहीं चलता। चिंता की बात है कि वक्त के साथ मौसम की मार का असर पहले के मुकाबले अब ज्यादा गंभीर होता जा रहा है। गर्मी, जाड़ा या बरसात आदि में असंतुलन की वजह से पिछले साल जहां देश के सत्ताईस राज्य बुरी तरह प्रभावित हुए थे, वहीं इस साल विपरीत मौसम की वजह से होने वाले हादसों या जानलेवा घटनाओं की चपेट में बत्तीस राज्य आए। विडंबना यह है कि विज्ञान और अन्य आधुनिक आविष्कारों और खोजों के जरिए मनुष्य ने प्रकृति और मौसम को करीब से समझना शुरू तो कर दिया है, लेकिन यह भी सच है कि प्रकृति के स्वाभाविक स्वरूप में मनुष्य ने आधुनिकतम तकनीकों सहित अलग-अलग तरीकों से बड़े पैमाने पर दखल भी दिया है। यह बेवजह नहीं है कि ठंड, गर्मी या फिर बरसात के अलावा तूफान और बर्फबारी की घटनाएं भी असामान्य रूप में सामने आ रही हैं। हालांकि जलवायु परिवर्तन को लेकर पिछले कई दशकों से विश्व भर में चिंता जताई जा रही है और इसमें पृथ्वी के अनुकूल हालात बनाने के लिए पूर्व-सावधानी के तौर पर कई उपाय भी बताए जाते रहे हैं। लेकिन ऐसे उपायों का हासिल क्या होना है, जिसमें जलवायु के बिगड़ने में जिन देशों की भूमिका ज्यादा है, वही अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लें और पर्यावरण या जलवायु को स्वस्थ बनाने और बचाने का दायित्व गरीब और विकासशील देशों पर थोप दें!वैश्विक स्तर पर विकसित और धनी देशों में मानव जनित परिस्थितियों की वजह से जलवायु पर पड़ने वाले प्रभावों का नुकसान उन देशों को उठाना पड़ता है, जहां अभी संसाधनों के अभाव की वजह से बचाव के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए जा पाते। आज विज्ञान का विकास अपने चरम पर है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि कुदरत के अपने स्वरूप में दखल न दिया जाए, बदलते मौसम का पक्का अनुमान लगाने की व्यवस्था हो और उसी मुताबिक जानमाल को बचाने के लिए जरूरी इंतजाम किए जाएं। कुदरत के अपने रुख को रोका नहीं जा सकता, लेकिन उससे बचाव के इंतजाम करके नुकसान को काफी हद तक कम जरूर किया जा सकता है।

# पुरस्कार वितरण के साथ गुरमति ज्ञान समर कैम्प सम्पन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गुरूद्वारा श्री गुरू सिंघ सभा, गोल मार्केट में गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा आयोजित तेरह दिवसीय गुरमति ज्ञान समर कैम्प का आज पुरस्कार वितरण के साथ समापन किया गया। कैम्प में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर बाबा अजीत सिंह जी ग्रुप के गुनीत कौर को प्रथम, असमीत सिंह द्वितीय, अंजली, बख्शीश सिंह व दिलवीन कौर को तृतीय विजेता के रूप में पुरस्कृत किया गया। वहीं बाबा जुझार सिंह जी ग्रुप के गुरमन सिंह प्रथम, गुरवीर सिंह द्वितीय, खुशी चुघ तृतीय रही। जबकि बाबा जोरावर सिंह जी ग्रुप में दिया कालड़ा प्रथम, प्रीतमप्रीत कौर व गुनवीर सिंह द्वितीय तथा शीरत नारंग तृतीय रहे। बाबा फतेह सिंह जी ग्रुप में प्रीतमजोत कौर प्रथम, हरगुण कौर, दशनूर सिंह द्वितीय तथा दिलप्रीत कौर व गानिया बत्रा तृतीय रही। जबकि दस्तार सजाओं प्रतियोगिता में प्रीत सिंह प्रथम, चिरंजीव द्वितीय तथा हरसेवक सिंह व हार्दिक को तृतीय विजेता के रूप में सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त पंजाबी समाज का नाम गौरवांन्वित करने पर गरिमा नरूला व कंवलजीत कौर, हरप्रीत कौर, कमलजीत कौर, मनमीत कौर, तलविन्दर कौर, सुरेखा छावड़ा तथा एकता बठला को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर परविन्दर सिंह पम्मा, मेडिकल इंचार्ज गुरमीत सिंह बठला, पूर्व प्रधान सुरमुख सिंह विर्क, कैशियर हरविन्दर सिंह, अजमेर सिंह, अमरीक सिंह, जीत सिंह



खुशी को भी सम्मानित किया गया। कैम्प प्रतिभाग करने वाले बच्चों को भाई दर्शन सिंह, गुरजीत सिंह, रंजीत सिंह, सर्वजीत सिंह, अमरजीत सिंह, हरप्रीत सिंह, गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी प्रधान जसपाल सिंह भट्टी, सेकेट्री मनजीत सिंह मक्कड़, मीत प्रधान सतनाम सिंह हुंडल, प्रीतम सिंह चावला, मीत सेकेट्री चाचू, अमरजीत सिंह, गुरचरण सिंह बराड़, संतोख सिंह सोखी, गुरूद्वारा प्रबंधक कुलवंत सिंह, लंगर सेवक किशनपाल चौधरी आदि मौजूद थे।

# जिले से एक साथ छह डॉक्टरों का तबादला करने फूंका पुतला

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए कांग्रेस लगातार विरोध जताते आई है, वही जिले से एक साथ छह डॉक्टरों का तबादला किए जाने पर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज कांग्रेसियों ने प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। यहां हुई सभा में जिले की बदहाल स्वास्थ्य सेवा के लिए प्रदेश सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। तय किया गया कि जब तक व्यवस्था पटरी पर नहीं आती उनका आंदोलन जारी रहेगा। जिलाध्यक्ष भगवत डसीला के नेतृत्व में कार्यकर्ता एसबीआई तिराहे पर एकत्रित हुए। यहां नारेबाजी के साथ प्रदेश सरकार के विरुद्ध नारेबाजी कर पुतला दहन कर रहे थे। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि जिले से एक साथ छह डॉक्टर बाहर भेज दिए। इसके एवज में एकमात्र डॉक्टर यहां भेजा गया है। इन दिनों जिला डायरिया, वायरल फीबर जैसी कई बीमारियों से घिरा है। जिला अस्पताल में ओटी की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं हो पाई है। सरकार व विभाग मनमानी पर उतर आया है। लोगों के स्वासथ्य के साथ खिलवाड़ किया



जा रहा है। सरकार व प्रदेश के मुख्यमंत्री व भाजपा के स्थानीय जनप्रतिनिधियों के कुशासन व जनपद से छह डॉक्टरों का एक साथ ट्रांसफर किया गया। ऑपरेशन थिएटर का बंद होने और अल्ट्रासाउंड में हुई रही धांधली पर अभी तक मजिस्ट्रेटी जांच नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल के जन औषधि केंद्रों पर मरीजों को दवाइया तक नहीं मिल रही है।केंद्र मात्र शोपीस बन गया है। इसके बाद प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। वही पुतला दहन कार्यक्रम के समय कोतवाल भी मौके पर पहुंचे,इस दौरान कांग्रेसी नेताओं से उनकी नोकझोक न हो गई।वही प्रभारी निरीक्षक द्वारा पुतला दहन के लिए कोई स्वीकृति नहीं होने की बात कही, जिस पर कांग्रेसी नेताओं ने नराजगी जताते हुए सत्ता पक्ष के दबाव में जबरन विपक्षी दल को परेशान करने का आरोप लगाया, वही कांग्रेस नेताओं ने विरोध को लोकतांत्रिक बताया और पूर्व की भांति ही पुतला दहन करने की बात कही, जिसके बाद नाराज कार्यकर्ताओ ने कोतवाल की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए कोतवाल के विरुद्ध एसपी से मुलाकात कर शिकायत दर्ज की।इस मौके पर इस मौके पर महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष गोपाल धपोला,कवि जोशी,सेवादल अध्यक्ष किशन कठायत, ,राजेंद्र परिहार, लक्ष्मी धर्मशक्तु, हरीश त्रिकोटी, कुंदन गिरी, नंवीन चंद्र टम्टा, धना रौतेला, ललित बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# दुष्कर्म के आरोपी को बीस वर्ष का कारावास

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसके साथ दुराचार करने वाले आरोपी युवक को पॉक्सो न्यायाधीश अश्वनी गौड ने 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं 50 हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई है । विशेष शासकीय अधिवक्ता पॉक्सो विकास गुप्ता ने बताया कि नानकमत्ता थाने में एक व्यक्ति द्वारा 9 अप्रैल 221 को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए कहा था कि बीती रात वह पूरा परिवार घर पर सोया था सवेरे को देखा कि उनकी 14 वर्षीय पुत्री बिस्तर पर नहीं थी परिजनों द्वारा काफी तलाश करने के बावजूद वह नहीं मिली। पुलिस द्वारा 10 अप्रैल 2021 को युवक व लड़की को बरामद कर लिया गया। लड़की का मेडिकल कराने पर उसके साथ जबरन दुराचार किए जाने की पुष्टि हुई ।युवक के विरूद्ध पॉक्सो न्यायालय में मुकदमा चला जिसमें विशेष शासकीय अधिवक्ता विकास गुप्ता द्वारा आठ गवाह पेश कर आरोप सिद्ध कर दिया गया इसके साथ ही युवक के खून एवं वीर्य का टेस्ट कराए जाने पर पॉजिटिव निकला। पॉक्सो न्यायाधीश अश्वनी गौड़ ने समस्त तथ्यों, साक्ष्यों व डीएनए की रिपोर्ट का परीक्षण करने के बाद आरोपी वासुदेव गुप्ता को धारा 5/6 पॉकसो एक्ट,धारा 363,366 आईपीसी में दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी जुर्माने की राशि में से 40 हजार रुपये पीड़िता को मिलेंगे ।न्यायाधीश महोदय द्वारा प्रदेश सरकार से कहा है कि पीड़िता की स्थिति देखते हुए उसे 5 लाख रुपये मुआवजे के तौर पर दिए जायें।

# शहीद ऊधम सिंह मैमोरियल ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर कल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहीद ऊधम सिंह मैमोरियल ब्लड सेंटर संचालकों एवं उत्तरांचल युवा पंजाबी महासभा की एक संयुक्त बैठक में विश्व रक्तदान दिवस पर कल14 जून को ब्लड सेंटर में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सेंटर के संचालक डा. मनदीप सिंह ने कहा कि लोगों को रक्तदान करने के प्रति शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने समस्त सेंटर के संचालक मंडल की ओर से सभी क्षेत्र वासियों से स्वैच्छिक रक्तदान के लिए शिविर में पधारने की अपील की। बैठक में उत्तरांचल युवा पंजाबी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने कहा कि महासभा द्वारा पिछले कई वर्षों से समय समय पर जनहित के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जिनमें रक्तदान शिविर भी शामिल हैं। उन्होंने कहा महासभा का यह सौभाग्य है कि शहीद ऊधम सिंह मेमोरियल ब्लड सेंटर में आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर में सहयोग करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि युवा पंजाबी महासभा के सभी पदाधिकारी तथा सदस्य शिविर को सफल बनाने में पूरा सहयोग प्रदान करेंगे। बैठक में डा. प्रशांत पाठक, डा. जसविंदर सिंह गिल, डा. राहुल किशोर, डा. नितिक बठला, डा. अजय अरोरा, पंकज बांगा, हरविंदर सिंह, आशीष छाबड़ा, सुरेंद्र सिंह सरजू, जगजीत सिंह गोल्डी, दलविंदर सिंह, यमन बब्बर, रोनिक नारंग, पारस चुघ, कपिल कालड़ा, योगेश ग्रोवर, सुनील चुघ, सन्नी धवन, आशु मिड्ढा, सोनू खुराना, जतिन नागपाल व चेतन खनीजो आदि मौजूद थे।

# जहां है कच्ची शराब का गढ़ उधर का रुख नहीं करती आबकारी

## अवैध कच्ची शराब की बिक्री को लेकर जीआरपी आरपीएफ व पुलिस है चौकन्नी, आबकारी सुस्त

**-मनोज श्रीवास्तव-**

काशीपुर। टांडा उज्जैन चौकी क्षेत्र में रेलवे क्रॉसिंग के समीप पुलिस की लाख कोशिशों के बावजूद अवैध कच्ची शराब के बिक्री का काम रुकने का नाम नहीं ले रहा है। मजे की बात यह है कि जीआरपी आरपीएफ के अलावा सिविल पुलिस अवैध कच्ची शराब के कारोबारियों पर नकेल कसने के लिए समय-समय पर लगातार प्रयास कर रही हैं लेकिन आबकारी विभाग पूरी तरह सुस्त पड़ा है। आबकारी विभाग की नाकामी की वजह से एक बार फिर से क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब का गैरकानूनी कारोबार तेजी से पनपने लगा है। ज्ञातव्य है कि टांडा उज्जैन रेलवे क्रॉसिंग के समीप एक चाय की दुकान पर बैठकर जहां एक और कंचन नामक अवैध कच्ची शराब का पुराना कारोबारी खुलेआम कच्ची शराब की बिक्री में लिप्त बताया जा रहा है वहीं दूसरी ओर शुगर फैक्ट्री गेट के समीप रेलवे क्रॉसिंग के दूसरी ओर बोकरी और सोनू नामक भाई बड़ी तादाद में कच्ची शराब की खपत करते बताए जा रहे हैं। टांडा उज्जैन चौकी पुलिस ने शराब कारोबारी भाइयों पर शिकंजा कसने के लिए कई बार प्रयास किए लेकिन यह हरकतों से बाज नहीं आते। इसी तरह रविवार को जीआरपी ने भी अभियान के तहत कच्ची शराब के कारोबारियों को सख्त ताकीद करते हुए बाज आने की नसीहत दी थी लेकिन जानकार बताते हैं कि दोनों भाई लगातार बड़ी मात्रा में कच्ची शराब की खपत कर रहे हैं। इसी तरह यहीं समीप केबिन के पास कंचन के मकान से भी अवैध कच्ची शराब की बड़े पैमाने पर खपत किए जाने की सूचना है। जानकार बताते हैं कि कंचन के परिजन मकान के छत से रस्सी के सहारे कच्ची शराब ग्राहकों को परोसने का काम कर रहे हैं। इसी तरह दढ़ियाल रेलवे क्रॉसिंग के दोनों ओर कच्ची शराब का गैरकानूनी कारोबार जमकर फल फूल रहा है। यानी इस तरह से देखा जाए तो अवैध कच्ची शराब अकेले टांडा उज्जैन में दर्जनों स्थानों पर धड़ल्ले से बेची जा रही है। गौरतलब है कि अवैध कच्ची शराब की भारी भरकम खेप आईटीआई थाना क्षेत्र के ग्राम खाई खेड़ा, छोटी बरखेड़ी, बड़ी बरखेड़ी, खड़कपुर देवीपुरा के अलावा कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र के रमपुरा आदि गांवों से महफूज अड्डों को सप्लाई किए जाने की सूचना है। पिछले लगभग तीन दशक के करीब से उपरोक्त गांवों में हजारों लीटर अवैध कच्ची शराब प्रतिदिन बनाई व बेची जाती है लेकिन आज तक आबकारी विभाग किसी कारोबारी पर पूर्णत: नकेल कसने में कामयाब नहीं हुआ। सूत्रों की माने तो आबकारी विभाग के तार कच्ची शराब के कारोबारियों से जुड़े हैं। यहां बता दें कि आबकारी विभाग जल्दी उन गांवों में कार्यवाही नहीं करता जहां अवैध कच्ची शराब का बड़ा गैर कानूनी कारोबार कुटीर उद्योग के रूप में पनप चुका है। इससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि दायित्वों के प्रति आबकारी विभाग कितना सजग है।

### मौत के मुंह में जा चुकी है दर्जनों जिंदगीयां भुखमरी के कगार पर पहुंचे सैकड़ों परिवार

काशीपुर। अवैध कच्ची शराब को तैयार करने के बाबत जानकारी जुटाने पर पता चला कि शराब की तीव्रता को बढ़ाने के लिए कारोबारी इसमें नौसादर के अलावा प्रतिबंधित दवाइयों का भी इस्तेमाल करते हैं जो स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक



होती है। कच्ची शराब पीकर अब तक दर्जनों जिंदगीयां मौत के मुंह में चली गई वहीं दूसरी ओर सैकड़ों परिवार भुखमरी के कगार पर है लेकिन आबकारी विभाग आज भी तमाशबीन बना अपनी पीठ आप थपथपाने का काम कर रहा है। यानी कुल मिलाकर चिराग तले अंधेरा वाली कहावत को चरितार्थ कर रहा है आबकारी विभाग। आबकारी की नाक के नीचे बड़े पैमाने पर अवैध कच्ची शराब के अलावा तस्करी के शराब खपत की जा रही है लेकिन आब कारी अपनी जिम्मेदारियों को ताक पर रख दिया।

# पुण्य तिथि पर डा. इंदिरा हृदयेश को किया नमन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड की पूर्व वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री स्व. डा. इंदिरा हृदयेश की द्वितीय पुण्य तिथि पर जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेसियों ने डा. हृदयेश की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनका भावपूर्ण स्मरण किया और प्रदेश हित में किये गये उनके कार्यों को याद किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा की अगुवाई में कांग्रेसियों ने डा. इंदिरा हृदयेश को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डा. इंदिरा हृदयेश द्वारा प्रदेश के लिए दिये गये योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने कहा कि स्व इन्दिरा हृदयेश का व्यक्तित्व हिमालय जैसा विराट था और उन्होंने कभी भी अपने सिद्धान्तों के साथ समझौता नही किया। उन्होंने कहा कि इन्दिरा ने कभी भी कठिनाईयों एवं मुसीबतों के आगे अपना सिर नही झुकाया। उनका संसदीय अनुभव काफी लम्बा रहा है, जब वह सदन में बोलती थी तो चाहे सरकार के मंत्री विधायक हों या विरोधी दल के विधायक हों उनके बक्तव्य को गौर से सुनते थे। उनकी सोच विकासपरक थी। इसी के चलते वह अविभाजित उत्तर प्रदेश की विधान परिषद सदस्य रही और कई बार उत्तराखण्ड सरकार में मंत्री रही। उनके द्वारा किये गये कार्यों के लिए उन्हें सदैव याद किया जाता रहेगा।महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व संसदीय व वित्त मंत्री डा. इंदिरा हृदयेश उत्तराखण्ड की आयरन लेडी थी। उन्होंने प्रदेश में कांग्रेस को मजबूत करने में अपना बहुत बड़ा योगदान दिया। कांग्रेस सरकार में जिस तरह से उन्होंने कई महत्वपूर्ण विभागों के मंत्रालय संभालते हुए प्रदेश के अंदर ऐतिहासिक विकास कार्य किए और बिना भेदभाव के हर जाति, धर्म के लोगों पिछड़े, अल्पसंख्यकों को मजबूती प्रदान करने के काम किए उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। इंदिरा हृदयेश ने हमेशा महिलाओं को शक्ति प्रदान करते हुए उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का काम किया। आज वह हमारे बीच नहीं है लेकिन उनके द्वारा किये गये कार्य हमेशा याद रहेंगे। इस अवसर पर कांग्रेस नेता पुष्कर राज जैन, सुनील आर्य, सुशील बत्रा, राजेश प्रताप सिंह, ममता रानी, सौरभ चिलाना, भूपेश कुमार सोनी, कुंवर पाल कोली, मोहन खेड़ा, राजु भुसरी, निरोद अधिकारी, फुदेना सहनी, बिट्टू मिश्रा, अबरार अहमद, कमर खान, पप्पू कोली, निसार अहमद, सुरेश यादव, छत्रपाल गंगवार, सतीश कुमार, बाबू विश्वकर्मा, शंकर कोली, अनिल साहनी, बिट्टा, उमा सरकार, अशोक मंडल, राजीव विश्वास, रामकृष्ण सैनी, राहुल सक्सेना, भूपेन्द्र, अमन, नंदकिशोर गंगवार, जाकिर अंसारी, विकास विश्वास, इजहार हुसैन, छत्रपाल वाल्मीकि, सचिन मुंजाल, बाबू खान, अमित मिश्रा, राज चौधरी, राहुल सक्सेन,मान सिंह, संजीव साहनी, चन्द्रशेखर साहनी, रमेश बोरा, राजू साहनी, शंकर साहनी, लालू साहनी, जयपाल सिंह, अनिल साहनी, अशोक मंडल आदि समेत तमाम कांग्रेसी मौजूद थे।



# थारू जनजाति के कलाकारों ने किया मंत्रमुग्ध

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। जनजाति थारू कला एवं उत्थान समिति के द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा ने दीप प्रज्वलित कर किया। थारू जनजाति के कलाकारों द्वारा सुंदर वेषभूषा में सज धज कर संस्कृतिक पारंपरिक होली नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा ने संबोधित करते हुए कहा कि आज भी थारू जनजाति के समुदाय द्वारा अपनी संस्कृतिक संजोए रखे हैं। आज के समय हमारी संस्कृत में दिन-प्रतिदिन बदलाव हो रहा है। थारू जनजाति के कलाकारों को आह्वान किया कि ऐसे ही आयोजनों का भरपूर लाभ उठाएं। थारू जनजाति समुदाय के कलाकारों के द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम में बचपन की यादें ताजा हो गई है। राणा ने कहा कि थारू जनजाति के विकास के लिए हर संभव प्रयास करते रहेंगे। संस्कृति कार्यक्रम में मंचासीन जनप्रतिनिधियों ने तालियां बजाकर जनजाति के कलाकारों की हौसला अफजाई की। इस मौके पर डॉ पवन सिंह राणा, नरेंद्र सिंह,सुखदेव सिंह, सुरेश सिंह, अशोक सिंह, सुभाष राणा, सरिता राणा, संगीता राणा, नेहा राणा, के डी गहतोड़ी भास्कर संभल, ओम नारायण राणा, आदि महिलाएं मौजूद थी।



# राजभवन में परिवार मिलन कार्यक्रम आयोजित

नैनीताल(उद संवाददाता)। राजभवन नैनीताल में सोमवार को राजभवन में तैनात समस्त कार्मिकों एवं उनके परिजनों हेतु परिवार मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित सदस्यों द्वारा राज्यपाल को कई समस्याओं से अवगत कराया गया जिस पर राज्यपाल द्वारा उनके परिवार की सदस्य की व्यक्तिगत एवं कार्यालयी समस्याओं के बारे में जाना। इस दौरान उपस्थित सदस्यों द्वारा राज्यपाल को कई समस्याओं से अवगत कराया गया जिस पर राज्यपाल द्वारा



परिवार मिलन कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने कार्मिकों एवं उनके परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने प्रत्येक कार्मिक एवं समस्याओं के निदान का आश्वासन देते हुए दिए गए सुझावों पर अमल करने की बात कही। राज्यपाल ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि राजभवन में कार्य करने वाले सभी अधिकारी एवं कर्मचारी एक परिवार के रूप में हैं। उन्होंने कहा कि परिवार के किसी भी सदस्य की समस्या मेरी समस्या है जिनका निदान करना मेरी प्राथमिकताओं में रहेगा। राज्यपाल ने कहा कि प्रत्येक शासकीय कार्मिक अपने कार्यों को पूरी श्रद्धा एवं ईमानदारी से करें। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने कार्यों में उत्कृष्टता और अपने उत्तरदायित्वों के प्रति खरा उतरने का प्रयास करें। उन्होंने कहा की इस वर्ष का गवर्नर्स गोल्फ टूर्नामेंट सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से सफल संचालित हुआ है। इस अवसर पर राज्यपाल की धर्मपत्नी श्रीमती गुरमीत कौर, परिसहाय अमित श्रीवास्तव, मेजर तरुण कुमार, कॉम्पट्रोलर प्रमोद चमोली, प्रोटोकॉल अधिकारी संतोष सकलानी सहित राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा उनके परिजन उपस्थित रहे।

# रूद्रपुर में महिला कांग्रेस का सम्मेलन 15 जून को

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने कहा है कि 15 जून को रुद्रपुर में प्रस्तावित महिला कांग्रेस के सम्मेलन में उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष ज्योति रौतेला का भव्य स्वागत किया जाएगा।श्रीमती शर्मा ने कहा कि कंचन तारा होटल के पास गगन ज्योति वेंकट हॉल में 15 जून को प्रातः 10:30 बजे से महिला कांग्रेस का सम्मेलन आहूत किया गया है जिसमें उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की ऊर्जावान अध्यक्ष ज्योति रौतेला का भव्य स्वागत किया जाएगा। श्रीमती शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। श्रीमती शर्मा ने महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आवाहन किया है कि वह 15 जून को प्रातः 10:30 बजे गगन ज्योति वेंकट हॉल में पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला का स्वागत और अभिनंदन करें और महिला कांग्रेस के सम्मेलन को सफल बनाएं। इधर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली ने बताया कि महिला कांग्रेस सम्मेलन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्हें भरोसा है कि यह सम्मेलन ऐतिहासिक होगा। इधर सोमवार को प्रदेश महिला कांग्रेस की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा के आवास पर कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार विमर्श किया गया जिसमें महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली, प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की सचिव ममता वर्मा, प्रदेश सचिव चंद्रा जोशी, प्रदेश सचिव लक्ष्मी राय, प्रदेश सचिव सपना गिल और प्रदेश सचिव सुनीता कश्यप उपस्थित थे।



# न्यायपालिका के इतिहास में ऐतिहासिक है 12 जून 1975 का दिन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।लोकतंत्र सेनानी सुभाष छाबड़ा ने कहा कि भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में 12 जून 1975 का दिन सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा। इस ऐतिहासिक दिन को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश स्वर्गीय जगमोहनलाल सिन्हा ने दम तोड़ती भारतीय न्यायपालिका में प्राण फूकें थे 1973 में इंदिरा गांधी ने आजीवन सत्ता में बने रहने के लिए न्यायपालिका पर एक तरीके से कब्जा ही कर लिया था। ऐसे मुश्किल हालात में जस्टिस जगमोहन लाल सिन्हा ने 1971 में रायबरेली संसदीय क्षेत्र में हुए चुनाव को रद्द करते हुए प्रधानमंत्री इंदिरागांधी को छह साल के लिए चुनाव लड़ने पर भी रोक लगा दी थी, जस्टिस सिन्हा ने जो फैसला दिया उसने विश्व भर में तहलका मचा दिया और 12 जून का दिन हिंदुस्तान की न्यायपालिका में एक अमर दिन हो गया ,आज जस्टिस सिन्हा भले हमारे मध्य नहीं है लेकिन उनका ऐतिहासिक फैसला न्यायपालिका के इतिहास में मील का पत्थर है।

## पेज एक का शेष...

**बर्थडे मनाकर लौट...** में 33 वर्षीय अंकित,31 वर्षीय शशांक बहुगुणा और 38 वर्षीय सुशील सिंह वर्ष घायल हुए है।सभी युवक बुघानी के समीप बलोडी गांव के रहने वाले हैं। घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की पड़ताल में जुटी हुई है।

**भारत को परम वैभव....** संख्या बढ़ानी होगी। कहा, सभी कार्यकर्ता आपस में मिलते-जुलते रहें। एक दूसरे के अनुभव का लाभ और ज्ञान सभी को मिले, इसलिए समय-समय पर हम प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन करते हैं।उन्होंने कहा कि शाखा में व्यक्ति का निर्माण होता है। हम सभी का काम है कि समाज के लोगों को साथ लेकर संगठन को मजबूती प्रदान करें।

**गैस सिलेंडर में...** मौके पर पहुंचे ग्रामीणों एवं पर्यटकों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया परंतु उक्त आग पूरी तरह बेकाबू हो चुकी थी जिसके बाद अग्निशमन विभाग और हल्दूचौड़ पुलिस चौकी को घटना की सूचना दी गई। आग की तेज लपटें देखकर मोटाहल्दू में यातायात भी रुक गया। बाद में फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर आग को काबू किया।

**दोहरे हत्याकांड में...** हो गई थी। अगले दिन खोजबीन के दौरान नदी किनारे उसके कपड़े बरामद हुए। साथ ही दो कटे हुए पैर व एक पंजा बरामद हुआ। पैरों की पहचान जोगिन्दरी की बेटी ने कर ली। जबकि बरामद पंजा गिद्धौर नानकमत्ता निवासी गुरमीत का होने की संभावना जताई जा रही है। जो कई दिनों से लापता था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद गहरी छानबीन कर कुछ संदिग्ध लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। जिनसे की गई कड़ी पूछताछ के बाद पुलिस को मामले के खुलासे में सफलता हासिल होने की संभावना जताई जा रही है। पुख्ता सबूत हाथ लगते ही पुलिस मामले का खुलासा कर देगी।

# भगवान के बावन अवतारो का वृतांत सुनाया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।चौधरी कॉलोनी स्थित भूमिया देव मंदिर मे आयोजित भागवत कथा के तीसरे दिन भगवान के वामन अवतार और कई अवतारों का वृतांत सुनाया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत साहू



ने दीप प्रज्वलित किया। कथावाचक श्री श्याम सुंदर शास्त्री जी को अंगवस्त्र पहनाकर अभिनंदन कर आशिर्वाद प्राप्त किया। वावन भगवान की झाँकी ने भक्तों का मन मोह लिया। इस मौके पर सचिन राठौर, रंजीत केसरवानी , करन सागर, दिनेश अग्रवाल, खेमपाल कश्यप, दिव्य प्रकाश केसरवानी, श्रद्धा राठौर, भूमि, लोकेश, श्री किशन वर्मा आदि सैकड़ो भक्त मौजूद थे।

# उद्यान विभाग के निदेशक को सीएम ने किया निलंबित

देहरादून(उद संवाददाता)। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने उद्यान विभाग के निदेशक डॉ हरमिंदर सिंह बवेजा को निलंबित कर दिया है। निदेशक के खिलाफ लंबे समय से कई आरोपों की जांच चल रही थी। 11 पन्नों में दर्ज 18 आरोपों के सिद्ध होने के बाद सीएम ने यह कार्यवाही की है। जांच रिपोर्ट सामने आते ही विभागीय औपचारिकताओं में ना फंसते हुए मुख्यमंत्री ने सीध एक्शन लिया। बता दें यह वही अधिकारी हैं जिनके खिलाफ कई बार शिकायतें भी आईं जांच भी हुई, लेकिन जांच की फाइलें ठंडे बस्ते में चली गईं। विभाग के स्तर पर किसी कार्रवाई को अमल में नहीं लाया गया। कई बार सवाल उठाए गए। उद्यान विभाग के निदेशक हरमिंदर सिंह बवेजा पर कोई एक या दो आरोप नहीं थे बल्कि 18 आरोप 11 पन्नों में दर्ज थे। उन पर ऐसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं जो वाकई चौंकाने वाले हैं। उधर मुख्यमंत्री कार्यालय से निलंबन संबंधी आदेश करने का निर्देश मिलने के बाद सचिव उद्यान की तरफ से इसके लिए आदेश कर दिया गया है। निलंबन के दौरान हरमिंदर सिंह बवेजा गढ़वाल कमिश्नर कार्यालय पौड़ी में अटैच रहेंगे।



# लोहारी-सिल्ली-मटेना-बंड सड़क को मिली वित्तीय स्वीकृति

गरुड(उद संवाददाता)। लोहारी-सिल्ली-मटेना-बंड मोटरमार्ग को प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर है।सड़क निर्माण को लेकर गरुड़ के भाजपा के प्रमुख नेता पूर्व जिलाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट, महामंत्री घनश्याम जोशी द्वारा दिवंगत मंत्री से सड़क निर्माण के लिए शीघ्र सड़क की स्वीकृति की पहल की थी,सड़क की स्वीकृति मिलने पर ग्रामीणों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कैबिनेट मंत्री स्व. चंदन राम दास का आभार व्यक्त किया है। राज्य योजना के अंतर्गत बागेश्वर विधानसभा के विकासखंड गरुड़ के महत्वपूर्ण मोटर मार्ग धैना-लखनी मोटर मार्ग से लोहारी-सिल्ली-मटेना-बंड से कनस्यारी तक मोटर मार्ग के नवनिर्माण के लिए शासन ने पिचासी लाख नवासी हजार की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। सिल्ली व मटेना के ग्रामीण वर्षों से इस सड़क की मांग कर रहे थे। इस सड़क के लिए कैबिनेट मंत्री स्व. चंदन राम दास ने काफी प्रयास किया। उन्होंने ग्रामीणों से सड़क बनाने का वायदा किया था। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कैबिनेट मंत्री स्व. चंदन राम दास के प्रयासों को अब पंख लगा दिए हैं। मोटर मार्ग की वित्तीय स्वीकृति मिलने पर मटेना के क्षेपंस भोला दत्त तिवारी, ग्राम प्रधान रविशंकर बिष्ट, उप प्रधान नीमा बड़सीला, सिल्ली की प्रधान संगीता टम्टा, क्षेपंस शंकर दत्त जोशी, पत्रकार चंद्रशेखर बड़सीला, रमेश चंद्र पांडे, महेश चंद्र जोशी, गिरीश चंद्र खोलिया, धर्मराज तिवारी आदि ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री, दिवगंत कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट, भाजपा महामंत्री घनश्याम जोशी, भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन जोशी का आभार व्यक्त किया है।

**सूचना**

कल दिनांक 12 जून दिन सोमवार को प्रकाशित अंक में त्रुटिवश अंक संख्या '246' प्रकाशित हो गयी थी। इसे सुधारकर अंक संख्या '245' पढ़ा जाये।

संपादक

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.:UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


CONSTRUCTING HAPPINESS
Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden
RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497
काशी गार्डन
आवासीय प्लॉट एवं विला
रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
40 एवं 30 फीट की सड़कें
4 पार्क
गेट बंद कॉलोनी
सीव्रेज व्यवस्था
ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा
साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर
86504-18000